गर निगम द्वारा मतगणना स्थलों पर कराया गया सैनेटाइजेशन

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर नगर निगम द्वारा आज रविवार को चुनाव के मतगणना स्थलों पर व्रहद स्तर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया ।कोरोना कोविड -19 की महारमारी के दृष्टिगत लोगो की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर निगम द्वारा मतगणना स्थलों पर वृहद स्तर पर विशेष सेनेटाइजेशन अभियान संचालित किया गया ।जिसके अन्तर्गत मतगणना स्थलों जैसे- सुदामा प्रसाद इण्टर कॉलेज , जूनियर हाईस्कूल मदनापुर , राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज , ददरौल , आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल , कॉट में नगर निगम द्वारा सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया ।इसी क्रम में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर के मतगणना स्थलों पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा अपनी देखरेख में सेनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया।